00958

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) ***सभी प्रश्नों की भारिता समान है।***

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर कम से कम 600 शब्दों में दीजिए :

"भाषागत विभिन्न कौशलों का विकास ही भाषा-शिक्षण का मुख्य उद्देश्य होता है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। मौखिक अभिव्यक्ति के विकास में लिए हिन्दी शिक्षक किन-किन प्रविधियों का प्रयोग करता है?

अथवा

हिन्दी शिक्षण को रुचिपूर्ण बनाने के लिए दृश्य-श्रव्य साधनों का उपयोग किस प्रकार सहायक हो सकता है? कविता पाठ में छात्रों की रुचि बढ़ाने के लिए कौनसी पाठ्यचर्या-सहगामी क्रियाओं का प्रयोग किया जा सकता है?

2. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

छात्रों के व्यक्तित्व विकास में नाटक शिक्षण की भूमिका पर चर्चा कर नाटक शिक्षण की विधियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

हिन्दी शिक्षण में समुन्नयन कार्य का महत्त्व बताकर किन्हीं पाँच समुन्नयन कार्यों का विवरण दीजिए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर कम से कम 120 शब्दों में दीजिए।

   (a) अन्य भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य लिखिए।

   (b) भाषा का उच्चारण विद्यार्थियों के हिन्दी लेखन को किस प्रकार प्रभावित करता है?

   (c) शिक्षार्थियों में पठन अभिरुचि विकसित करने के लिए हिन्दी शिक्षण-शिक्षक को क्या करना चाहिए?

   (d) क्रियात्मक शोध के सोपान लिखते हुये, उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए।

   (e) भाषा की विविध विशेषताओं का परिचय दीजिए।

   (f) शिक्षण में मूल्यांकन का महत्व समझाइए।

   (g) रचना दृष्टि से वाक्यों के प्रकारों का परिचय दीजिए।

4. नीचे लिखे प्रश्न का उत्तर कम से कम 600 शब्दों में दीजिए : छात्रों में हिन्दी भाषागत उच्चारण दोषों को दूर करने के उपायों का परिचय दीजिए। आप ने अपनी कक्षा में किस उपाय का प्रयोग किया? अपने प्रयोग का ब्योरा विस्तृत रूप से दीजिए।